संख्या-जी0आई0-45/49-1-2023

प्रेषक,

चंदन कुमार रावत,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अपर आयुक्त एवं अपर निबन्धक (बैंकिंग),
सहकारिता, उ०प्र०,
लखनऊ।

सहकारिता अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 25 अक्टूबर, 2023

विषयः प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटरीकरण हेतु हार्डवेयर क्रय के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवर सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र संख्या-आर-11016/16/2023-सी०टी०पी० दिनांक 25.10.2023 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटरीकरण हेतु हार्डवेयर क्रय के संबंध में है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया संलग्न पत्र में की गई अपेक्षा के परिप्रेक्ष्य में तथा सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली व नाबार्ड एवं राज्य सरकार के वित्त विभाग, आई०टी० एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग और सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत दिशा निर्देशों के आलोक में पैक्स कम्प्यूटराइजेशन योजना हेतु हार्डवेयर क्रय के सम्बन्ध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(चंदन कुमार रावत)
अनु सचिव।

पृष्ठांकन संख्या-जी0आई0-45(1)/49-01-2023 तददिनांक

प्रतिलिपि-संलग्नक सहित निम्नलिखित को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- अवर सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के दिनांक 25.10.2023 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।
2- मुख्य महाप्रबन्धक, उ0प्र0 क्षेत्रीय कार्यालय, नाबार्ड, गोमती नगर लखनऊ।
3- अपर आयुक्त एवं अपर निबन्धक (सहकार से समृद्धि), सहकारिता उ०प्र० लखनऊ।
4- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि०, लखनऊ।

आज्ञा से,

(चंदन कुमार रावत)
अनु सचिव।